आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने महिलाओं से नशे के खिलाफ संघर्ष करने का आह्वान किया है। वे आज शिमला ज़िले में मशोबरा के समीप क्यारकोटी में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बढ़ते चिट्टे के नशे से कई घरों के चिराग बुझ गए हैं लेकिन फिर भी इस बुराई के खिलाफ लोग खुलकर बोलने को तैयार नहीं हैं। राज्यपाल ने क्षेत्र में गोवर्धन धाम स्थापित करने के लिए स्थानीय वैलफेयर सोसायटी के प्रयासों की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि गोवंश के संरक्षण का कार्य अपने आप में पुण्य है और ये कार्य समाज में मानवीय संवेदनाओं को जगाने वाला भी है। ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह भी इस दौरान मौजूद रहे। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा गौ संरक्षण व गौशालाओं के विकास के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी।

अंबेडकर

संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती को भाजपा सामाजिक न्याय अभियान के रूप में मना रही है। इस उपलक्ष्य में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में भाजपा की एक राज्यस्तरीय बैठक आज प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल की अध्यक्षता में शिमला में आयोजित की गई। इस बैठक में अंबेडकर जयंती पर आने वाले दिनों में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। राजीव बिंदल ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचार और सिद्धांत देश की एकता व समरसता के लिए आज भी प्रेरणास्रोत हैं। प्रदेश भाजपा महासचिव बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि 15 से 25 अप्रैल के बीच राज्य के 17 संगठनात्मक ज़िलों में संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा जिनमें डॉक्टर अंबेडकर के विचारों और योगदान पर चर्चा की जाएगी।

साहित्य यात्रा

हिमालय साहित्य संस्कृति व पर्यावरण मंच द्वारा भाषा व संस्कृति विभाग के सहयोग से बाबा भलकू की स्मृति में कालका–शिमला रेल साहित्य यात्रा का आयोजन किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने शिमला से इस यात्रा को रवाना किया। इस दो दिवसीय साहित्य यात्रा में देशभर के 31 लेखक भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हिमालय साहित्य मंच पर्यावरण संरक्षण के प्रति पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है। उन्होंने लेखकों से नशाबंदी के लिए भी अपनी कलम चलाने का आह्वान किया ताकि हम आने वाली पीढ़ी को एक बेहतरीन समाज दे सकें।

पुल

कुल्लू–बंजार–आनी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बंजार के समीप मंगलौर पुल बीती रात टूट गया। ये घटना उस समय हुई जब इस पुल के ऊपर से एक भारी वाहन गुज़र रहा था। इस घटना के बाद कुल्लू ज़िला प्रशासन द्वारा बंजार घाटी जाने वाले लोगों की सुविधा के लिए वैकल्पिक रास्ते की व्यवस्था की जा रही है। उपायुक्त तोरूल एस. रवीश ने बताया कि फिलहाल नदी के ऊपर से पैदल

निकलने का रास्ता बना दिया गया है और वाहनों को निकालने के लिए भी रास्ता बनाया जा रहा है जिसके लिए मशीनरी लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि शाम तक छोटे वाहनों को निकालने के लिए रास्ता बनकर तैयार हो जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि ये पुल काफी पुराना था और जल्द ही इस स्थान पर लोहे का पुल लगाकर मार्ग को वाहनों के लिए खोला जाएगा।

हनुमान जयंती

देश सहित प्रदेशभर में हनुमान जयंती धार्मिक उत्साह के साथ मनाई जा रही है। प्रदेश के विभिन्न हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदर कांड और अखंड रामायण का पाठ किया जा रहा है। इधर शिमला के जाखू स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में भी भक्तों की लम्बी–लम्बी कतारें लगी हुई हैं और हनुमान जी की पूजा अर्चना की जा रही है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने भी आज जाखू मंदिर में शीश नवाया।

मौसम

प्रदेश के अधिकतर भागों में आज सुबह से ही बादल छाए हुए हैं और कई स्थानों पर गरज के साथ वर्षा व ओलावृष्टि हुई है। ऊपरी क्षेत्रों में ओलावृष्टि होने से फलदार पौधों को नुकसान पहुंचा है। हालांकि मौसम में आए इस बदलाव से दिन के समय लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर वर्षा व ओलावृष्टि सहित ऊंची चोटियों पर हल्के हिमपात की संभावना जताई है।

नमस्कार।